खेतड़ी के उप जिला अस्पताल में नहीं मिल रहा निशुल्क जांच योजना का लाभ

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को सरकार की निशुल्क जांच योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस दौरान समस्या से परेशान होकर युवाओं ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार करने की मांग की है।

■ **युवाओं ने बताया कि मरीजों की समय पर जांच नहीं हो रही है**

एसडीएम सविता शर्मा को दिए ज्ञापन में बताया कि अस्पताल में जब मरीज जांच के लिए जाता है तो उनकी जांचें समय पर नहीं हो पा रही है। इसके अलावा कुछ महत्वपूर्ण जांचें मशीन नहीं चलने के कारण नहीं होने से मरीजों को जांच करवाने के लिए निजी लैब की मदद लेनी पड़ रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। युवा नेता विष्णु नायक ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से अस्पताल की लैब में लगे उपकरण कार्य नहीं कर रहे हैं। तापमान में लगातार चल रहे उतार चढ़ाव के कारण मशीनें सुचारू रूप से काम नहीं कर रही हैं, जिसके कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों की जांच नहीं की जाती है। उन्होंने बताया कि लैब में अधिक गर्मी के कारण वहां लगी जांच मशीनें बंद हो जाती हैं, जिससे मरीजों को बिना जांच के ही वापस लौटना पड़ रहा है। इसके अलावा सही समय पर मशीनों का मेंटेनेंस नहीं होने के कारण सुचारू कार्य नहीं कर पा रही है। बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों फैलने का भय के चलते मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इसके बावजूद भी आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है।

इस दौरान युवाओं ने एसडीएम से औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने तथा लैब में होने वाली जांचें सुचारू करवाने की मांग की है। युवाओं ने चेतावनी की यदि जल्द ही कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो अस्पताल के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर विष्णु नायक, अनिल स्वामी, अभिषेक, भूपेश भार्गव, संजय कुमार सैनी, नीरज, दिनेश कुमार, सोनू, सीमा सैनी, पायल, ज्योति, मोनू, सोनू कुमारी, रितिका सहित अनेक लोग मौजूद थे।

युवाओं ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार करने की मांग की।

ओवरलोड डम्फरों को बंद करने की मांग

खेतड़ी, (निसं) खेतड़ी क्षेत्र में दौड रहे ओवरलोड डंपर आमजन के लिए समस्या बनने लगे हैं। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम सविता शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर नीमकाथाना से खेतड़ी सिंघाना मार्ग पर चलने वाले ओवरलोड डंपरों को बंद करने की मांग की है। एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि नीमकाथाना से खेतड़ी, सिंघाना सड़क मार्ग पर ओवरलोड वाहन व डंपर चलते हैं, जिनमें भारी मात्रा में डस्ट, बजरी, कंकरीट व पत्थर भरे रहते हैं जो कई बार सड़क पर गिर जाते हैं। डंपरों से पत्थरों के गिरने से कई बार दुर्घटना घटित हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि परिवहन विभाग खेतड़ी, पुलिस थाना खेतड़ी व बबाई थानों ओवरलोड चलने वाले वाहनों से मिली भगत है, जिसके चलते बेखौफ होकर ओवरलोड डंपरों का संचालन हो रहा है। आए दिन होने वाले हादसों को लेकर पूर्व में भी कई बार ग्रामीणों की ओर से रोक लगाने की मांग की जा चुकी है। इसके बावजूद भी पुलिस ओर परिवहन विभाग की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। जब ग्रामीणो का विरोध बढ़ता है तो पुलिस की ओर से एक- दो डंपरों को बंद कर कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है।

विधायक हरलाल सहारण ने पौधरोपण किया

चूरू, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विधायक हरलाल सहारण ने नेचर पार्क में पौधरोपण किया। इस मौके पर सहारण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 111 वें संस्करण में देशवासियों से एक पौधा माँ के नाम लगाने की अपील की थी। जिस पर चूरू में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने रविवार को चूरू में इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इसी के तहत पूरे देश के साथ साथ चूरू में भी इस नवाचार को करने में लोग उत्साह दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम पर्यावरण के लिए अति उपयोगी है जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह पाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सभी का दायित्व है। सी पी शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के इस आव्हान पर सभी लोग उत्साह के साथ वृक्षारोपण कर रहे हैं । इस अवसर पर विधायक हरलाल सारण के साथ उप वन संरक्षक सुरेश सारस्वत, चंद्र प्रकाश शर्मा, रेंजर दीपचंद यादव, दयाल सिंह निर्वाण, सुशील स्वामी, प्रेम शर्मा, डॉ कमल वशिष्ठ, ओमप्रकाश बैरवा, शंकर लाल सैनी, बालकिशन राजगढ़िया सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

सार-समाचार

पीजी कॉलेज में टॉपर्स का सम्मान

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय गणपति नगर न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम 2024 में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाली छात्राओं का सम्मान किया गया। बीएससी द्वितीय वर्ष में छात्रा आयना श्योराण पुत्री राजेंद्र प्रसाद श्योराण 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर तथा अंजना शर्मा पुत्री तरुण शर्मा 83.55 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। बीएससी तृतीय वर्ष में छात्रा रिंकू कुमारी पुत्री अमरसिंह डूडी 83.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर, साक्षी पुत्री सुरेश कुमार 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर तथा खुशी पुत्री सुरेंद्र कुमार सिंह 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि सफलता का मेहनत के सिवाय कोई शॉर्टकट नहीं है कहा कि इन प्रतिभावान छात्राओं से सभी छात्राओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानूं ने छात्राओं का तिलकार्चन कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

यातायात कर्मियों के लिए लगवाई गुमटी

चूरू, (कासं)। जिले में यातायात कर्मियों के गर्मी एवं बरसात से बचाव के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा की ओर से पांच गुमटी प्रदान की गई है। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने बताया कि सोसायटी के उपाध्यक्ष भामाशाह सुमति चंद गोठी ने बताया कि ट्रेफिक पुलिस कार्मिकों के लिए पांच गुमटियां प्रदान की गई हैं।

आर.टी.ओ. इंस्पेक्टर को हटाने की मांग

चूरू, (कासं)। प्राइवेट बस यूनियन की ओर से अवैध वसूली करते आरटीओ इंस्पेक्टर रोबिन सिंह को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को यूनियन अध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां के नेतृत्व में जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

■ **प्राइवेट बस यूनियन ने कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन**

ज्ञापन में बताया कि चूरू आरटीओ के इंस्पेक्टर रोबिन सिंह द्वारा दिन रात अवैध वसूली की जा रही है। बसों व ट्रकों को रोक कर दस्तावेज मांगते हैं और दस्तावेज सही होने के बावजूद भी पैसे मांगते हैं। ज्ञापन में बताया कि मंगलवार सुबह 8 बजे चूरू-रतनगढ़ रोड़ पर एक ट्रक मालिक से कागजात मांगे तो उसने दिखा दिये, उसके बाद भी इंस्पेक्टर ने चाबी छीन ली और जब ड्राईवर ने चाबी व कागजात मांगे तो उनके साथ मारपीट की। मौके पर चूरू विधायक व प्रधान पहुंचे तो इंस्पेक्टर ने कहा कि आप कौन हो और क्या कर सकते हो। मैं सरकारी आदमी हूँ, मेरे पास आये तो मैं राजकार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज करवा दूंगा। जबकी वहां डीवाईएसपी सुनिल झाझड़िया व शहर कोतवाल भी मौजूद थे। ज्ञात रहे कि पिछले 13 दिन पहले भी इन्होंने राजगढ़ रोड़ पर झगड़ा किया था और एक जन प्रतिनिधि पर आरोप लगाये थे, जो बेबुनियाद हैं। ज्ञापन में यह भी बताया कि ट्रकों पर ऑवरलोडिंग नहीं होने पर भी उनसे पैसे लेकर भी चालान किये जाते हैं। यह पुरी हटधर्मिता कर रहे हैं। ज्ञापन में इंस्पेक्टर रोबिन सिंह को जल्द से जल्द हटाने की मांग की गई, अन्यथा बस-ट्रक ऑपरेटर व अन्य वाहन चालक आन्दोलन कर भूख हड़ताल पर बैठेंगे और कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में शीशराम, मनफूल खान, बलबीर ढ़ाका, मुकेश, दिलीप, सरवर, हनीफ, कश्मीर, शरीफ, सुरेष सारस्वत आदि उपस्थित थे।

108 यूनिट रक्तदान किया

सादुलपुर, (निसं)। मोहता संस्थाओं के अध्यक्ष समाज सेवी दानदाता भामाशाह श्रीवर्धन मोहता के जन्मोत्सव पर आयोजित रक्तदान शिविर में 108 यूनिट रक्तदान हुआ। भगवानी देवी मोहता अस्पताल में स्थापित मन्दिर में दीप प्रज्वलित से प्रारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रामावतार सोनी ने कहा कि रक्तदान से बडा दूसरा कोई पुण्य कार्य नहीं है। कार्यक्रम में सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ रामकिशन अत्रि, ब्लड बैंक के संचालन रोशन कुमार तथा प्राचार्य डॉ. पी.एस. राठौड व डॉ. हिमांशु बेडवाल आदि ने भी विचार व्यक्त किए। रक्तदान में शिविर में लगभग ढाई सौ से अधिक उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के पश्चात दिनभर चले शिविर में 108 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर अरविंद गौड, डॉ. गजेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. सत्येंद्र शर्मा, डॉ. सुनील सहारण, इन्द्र सिंह, डॉ.राकेश वर्मा, मनीष शर्मा, श्रीकांत शर्मा तथा मोहता ग्रुप के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

कलेक्टर की संवेदनशीलता पर दिव्यांग को मिली ट्राईसाईकिल

चूरू, (कासं)। जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी की संवेदनशीलता से मंगलवार को दिव्यांग राजकुमार सैनी को हाथोंहाथ ट्राईसाईकिल मिल गई।

जिला कलेक्टर के निर्देश पर सामाजिक न्याय एवं विभाग की ओर से दिव्यांग को हाथोंहाथ ट्राईसाईकिल उपलब्ध करवाई गई। ट्राईसाईकिल पाकर दिव्यांग सैनी का चेहरा खिल उठा। चूरू स्थित शेखसरिया कुआ के पास रहने वाले दिव्यांग राजकुमार सैनी ने बताया कि वह चलन नि:शक्तता श्रेणी का दिव्यांग है। दोनों पैर नहीं होने के कारण आवागमन में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस वजह से मैंने इस समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी से सहायता की गुहार लगाई। जिस पर जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने तत्काल सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र सिंह को निर्देश प्रदान किए कि दिव्यांग को ट्राईसाईकिल उपलब्ध करवाएं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने परिवाद पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए दिव्यांग राजकुमार सैनी को ट्राईसाईकिल प्रदान की गई। इस मौके पर सुजानगढ अतिरिक्त कलेक्टर मंगलाराम गोदारा, एडीपीआर कुमार अजय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़, सहायक प्रोग्रामर विजय खेड़ीवाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी लाखन सिंह बीका, छात्रावास अधीक्षक संदीप झाझड़िया, सहायक कार्मिक सुभाष आदि उपस्थित रहे।

कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग को ट्राई साइकिल उपलब्ध करवाई।

अधिक से अधिक प्रकरणों के निपटारा के निर्देश

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर अध्यक्ष रविंद्र कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सेशन न्यायाधीश चूरू के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक पाराशर की अध्यक्षता में मंगलवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में न्यायालय परिसर में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 13 जुलाई 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया। पाराशर ने न्यायालय में लंबित सभी राजी नामा योग्य प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु विशेष बल दिया। बैठक में पाराशर ने बैंक रिकवरी के मामले लोक अदालत में निस्तारण के लिए अलग-अलग श्रेणी बनाई, जिसमें अधिकतम बैंक रिकवरी के मामले रखे जा सके। बैठक में एडीजे लतिका दीपक पाराशर, एसीजेएम लीलू राम सिहाग, ग्राम न्याय अधिकारी ममता गुप्ता आदि उपस्थित थे। गौरतलब है कि की नालसा ओर रालसा के निर्देशानुसार दिनांक 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोकदल का आयोजन किया जा रहा है।

सूचना

मै रोहिताश पुत्र श्री प्रभु राम आयु 54 साल जाति जांगिड़ निवासी भोबिया तहसील पिलानी जिला झुंझुनू राजस्थान का रहने वाला हूं शपथ पूर्वक बयान करता हूं

यह की सुमित मेरा जाईदा पुत्र है वह सरिना पत्नी श्री सुमित मेरी पुत्रवधू है उक्त दोनों पति-पत्नी आवारा किस्म के हैं वह दोनों आवारा बदमाश बदनियत व अपराधी किस्म के लोगों की संगत में रहते है मेरी पुत्रवधू सरिना भी आवारा किस्म की औरत जात महिला है उक्त दोनों का व्यवहार कुशल नहीं है ना ही मेरा कहा सुना मानते है तथा ना ही मेरे कहे अनुसार चलते हैं उक्त दोनों पति-पत्नी मेरे से अलग रहते है वह रिहायश रहते हैं। उक्त सुमित मेरा पुत्र वह सरीना मेरी पुत्रवधू अपनी मनमर्जी से रहन-सहन व लेनदेन सव्यवहार करते है व अपनी इच्छा अनुसार बाहर दूर दराज आना-जाना रखते है इसलिए मैं मेरे जाईदा पुत्र सुमित व पुत्रवधू सरीना को अपनी समस्त जायदात मनकुला गैर मनकुला स्वयं अर्जित पुश्तैनी व पैतृक संपत्ति से वंचित/बेदखल करता हूं आज के बाद मेरा मेरे पुत्र व पुत्रवधू से कोई किसी प्रकार का संबंध में तालुकात नहीं रहा है आज के बाद कोई भी व्यक्ति उक्त मेरे जाईदा पुत्र सुमित व मेरे पुत्र वधू सरीना पत्नी सुमित से मेरी साख से किसी भी प्रकार का रूपए पैसे का लेनदेन करते है अथवा सव्यवहार करते है किसी भी प्रकार की खरीद फरोख्त करते हैं इनके साथ किसी प्रकार का विनिमय एक्सचेंज करते हैं व किसी भी प्रकार की संपत्ति को बतौर अमानत इनके पास रखते है उसके लिए मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा। फिर भी कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो वह अपनी स्वयं की जोखिम पर करेगा

शपथकर्ता - रोहिताश

आठ दिनों में 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य

झुंझुनूं, (निसं)। शेखावाटी में स्कूली शिक्षा में नंबर वन डूंडलोद पब्लिक स्कूल एजुकेशन ग्रुप अब सामाजिक सरोकार निभाते हुए पौधारोपण अभियान को ना केवल शुरू किया है। बल्कि इसे सालों तक चलाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है।

ग्रुप सचिव बीएल रणवां ने मंगलवार को इस पौधारोपण अभियान का आगाज जिला मुख्यालय के मंडावा रोड पर स्थित डूंडलोद पब्लिक स्कूल कैंप से शुभारंभ किया। इस मौके पर ग्रुप निदेशक राहुल रणवां, सदस्य सुभाषचंद्र, स्कूल प्रिंसिपल डॉ. सतबीर सिंह व ओवरआल इंचार्ज लीलावती समेत अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर स्कूली बच्चों, स्टाफ सदस्यों में प्रिंसिपल से लेकर चपरासी तक ने स्कूल कैंपस में पौधे लगाए और उनकी सार संभाल का संकल्प लिया। इस मौके पर ग्रुप सचिव बीएल रणवां ने बताया कि आठ दिनों के दरमियान चरणबद्ध तरीके से ना केवल पौधारोपण किया जाएगा। बल्कि विभिन्न प्रतियोगिताओं के जरिए बच्चों को पौधारोपण करने के तरीके, फायदे और दूसरे को कैसे प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए बताया जाएगा। रणवां ने बताया कि स्कूल प्रबंधन ने फैसला लिया है कि बुधवार को डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद, गुरूवार को डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा में स्कूली बच्चों द्वारा कैंपस में पौधारोपण करवाया जाएगा। इसके बाद सभी बच्चों को लक्ष्य दिया गया है कि वे एक-एक पौधा अपने परिवार के साथ अपने घर में, पास पड़ौस में या फिर सार्वजनिक जगहों पर लगाकर उसका वीडियो बनाकर स्कूल को भेजेंगे। इस तरह इस बार आने वाले आठ-दस दिनों में पांच हजार पौधे लगाने का फैसला लिया गया है।

डूंडलोद पब्लिक स्कूल कैंप से पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया।

जिला संयोजक की अगुवाई में पौधारोपण किया

मंडावा, (निसं)। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती दिवस 6 जुलाई को लेकर 'एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभियान' भाजपा द्वारा चलाया जा रहा है। जिसके निमित इस अभियान के जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, सीकर संगठन प्रभारी दिनेश धाबाई एवं मंडावा नगर मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी की अध्यक्षता में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर ढूकिया ने कहा कि मां के नाम प्रत्येक शक्ति केंद्र पर शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, बूथ अध्यक्ष को 370 पेड़ लगाकर इस अभियान को सफल बनाने के लिए एक पेड़ मां के नाम जरुर लगाए। इस तरह पेड़ लगाने से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। धाबाई ने कहा कि पेड़ पौधे लगाने ही पर्याप्त नहीं है। बल्कि उनका रख-रखाव करना बहुत जरुरी है। इस अवसर पर संदीप शर्मा, पार्षद संदीप परिहार, बाबूलाल सैनी, संजय परिहार, शिव कुमार कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

कल्याणकारी योजनाओं का हो प्रचार-प्रसार : कलेक्टर

चूरू, (कासं)। जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने अधिकारियों से कहा है कि कृषक कल्याण की योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करें ताकि प्रत्येक पात्र किसान तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचे। सत्यानी मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कृषि समिति, आत्मा शाषी परिषद व उद्यानिकी समिति की बैठक में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कृषक कल्याण के प्रति संवेदनशील है। इसलिए सरकार की मंशानुरूप प्रत्येक पात्र वंचित किसान तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाए। कृषि गतिविधियों में जागरूकता बढ़ाने हेतु जिले के किसानों से नियमित संम्पर्क में रहें और नवाचार व उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी किसानों को दी जाए। किसानों के प्रशिक्षण आदि में अधिकतम किसानों की भागीदारी हो। क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल फसल पैदावार को बढाने हेतु किसानों को प्रशिक्षण व तकनीक की जानकारी दी जाए। जानकारी देते समय ध्यान रखें कि किसानों को उनकी स्थानीय भाषा में जानकारी पहुंचे। सत्यानी ने कहा कि बुवाई के समय के साथ ही किसानों को बीज वितरण किया जाए तथा कोई भी पात्र किसान बीज से वंचित न रहे। उन्हें समुचित उर्वरकए जैविक खेती आदि की जानकारी दी जाए ताकि सॉइल इम्प्रूव हो और किसानों की पैदावार में बढ़ोतरी हो। किसानों को बायोफर्टिलाइजर के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। इस अवसर पर आत्मा परियोजना निदेशक दीपक कपिला ने आत्माशाषी परिषद की वार्षिक कार्ययोजना, अन्तरराज्य कृषक कृषक प्रशिक्षण, अन्तरराज्य कृषक भ्रमण, कृषक पुरस्कार, कृषक.वैज्ञानिक संवाद गोष्ठी, वैज्ञानिकों व विस्तार कार्मिकों के संयुक्त भ्रमण, क्षेत्र दिवस व किसान गोष्ठी के आयोजन, आत्मा जैसी संस्थाओं की स्थापना, इनोवेटिव जिला स्तरीय गतिविधियों, कृषि, उद्यान, पशुपालन व जैविक घटकों के लिए जिला व ब्लॉक स्तर पर पुरस्कार हेतु चयनित किसानों व आदान विक्रेताओं के लिए विस्तार सेवाओं में डिप्लोमा आदि की जानकारी देते हुए विस्तृत चर्चा की।

कांस्य पदक जीतने पर स्वागत किया

उदयपुरवाटी, (निसं)। दशरथ कनवा की बेटी दिया कनवा ने चाइना के मकाऊ शहर में आयोजित सैम्बो सीनियर एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर चाइना की धरती पर भारत का तिरंगा फहराया है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित चैंपियनशिप में बेटी दिया कनवा के द्वारा कांस्य पदक जीतना उदयपुरवाटी ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश एवं देश के लिए गौरवशाली क्षण है। उक्त चैंपियनशिप प्रतियोगिता चाइना के मकाऊ शहर में 27 जून से 01 जुलाई तक आयोजित हुई है । बेटी दिया कनवा की इस महान उपलब्धि से खेल जगत में देश की लाखों बेटियां एवं खिलाड़ी प्रेरणा लेंगे । कस्बे में दिया कनवा के स्वागत मतें जुलूस निकाला गया और माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

विवाद्यको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5 जा.दी.)
न्यायालय अपर जिला जज महोदय, क्रम सं.- 02, राजगढ़ जिला चूरू (राजस्थान)
वाद सं. संख्या 40 सन 2016
कानसिंह - वादी बनाम देशराज आदि - प्रतिवादीगण
वाद घोषणात्मक, विभाजन व चिरस्थाई निषेधाज्ञा प्राप्ति हेतु।

नोटिस बनाम-
1.देशराज पुत्र बगड़ावंतसिंह, 2. मानसिंह पुत्र बगड़ावतसिंह जाति राजपूत, 3. भवानीसिंह पुत्र अमरसिंह जाति राजपूत, 4. हिम्मतसिंह पुत्र अमरसिंह जाति राजपूत, 5. समुन्द्रसिंह पुत्र नानूसिंह जाति राजपूत, 6. कृष्णसिंह पुत्र नानूसिंह जाति राजपूत निवासीगण गांव मिठड़ी बलवन्तसिंह तहसील राजगढ़ जिला चूरू, 7. ग्राम पंचायत रतनपुरा जरिये सरपंच ग्राम पंचायत रतनपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू, 8. भादरसिंह, 9. महावीरसिंह, 10. प्रतापसिंह पुत्रगण देवीसिंह जाति राजपूत निवासीगण मिठड़ी बलवन्तसिंह तहसील राजगढ़ जिला चूरू समस्त प्रतिवादीगण व गौण प्रतिवादीगण

वादी ने आपके विरूद्ध ग्राम मिठड़ी बलवन्तसिंह तहसील राजगढ़ जिला चूरू में स्थित आबादी पुश्तैनी भूखण्ड जिसके उत्तर में सड़क आम, दक्षिण में आबादी भूमि, पूर्व में घरों की गली व पश्चिम में घरों की गली स्थित है, में अपनें हिस्सा की घोषणा करवानें व अपनें हक हिस्सा का विभाजन कराने व चिरस्थाई निषेधाज्ञा प्राप्त करने हेतु आप प्रतिवादीगण उपरोक्त के विरूद्ध उपरोक्त अनुवानी याद इस न्यायालय में पंजीकृत किया है।

आप इस न्यायालय मे दिनांक 12.07.2024 को दिन मे 10:00 बजे सुबह दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे से सम्बन्धित (सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सकें या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके आपको यह निर्देशित किया जाता है कि आप उस दिन प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुरजाई का दावा/प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या सुनवाई के प्रार्थना पत्र/दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर कर रहे हैं तो आप ऐसे दस्तावेजो को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध) की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नहीं होंगे तो वादपत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह नोटिस आज दिनांक 02 माह 07 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मोहर अदालत

ह. व मुद्रा न्यायाधीश
अपर जिला न्यायाधीश क्रम संख्या- 02
राजगढ जिला चूरू

'जीत के लिए बूथ संरचना को मज़बूत करें'

झुंझुनूं, (निसं) भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशन पर झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव को लेकर विधानसभा संगठन की विस्तृत जानकारी एव उसकी मज़बूती को लेकर झुंझुनूं प्रवास पर आए अनुसूचित जाति वित्त एव विकास आयोग के अध्यक्ष रिटायर्ड आई एस राजेंद्र कुमार नायक ने सर्किट हाउस में भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित झुंझुनूंविधानसभा पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक में बोलते हुए कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यमुना जल का समझौता कर झुंझुनूंज़िले को बड़ा तोहफ़ा दिया है।

मण्डल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा में जीत के लिए प्रत्येक मण्डल में बूथ स्तर तक की संरचना को मज़बूत करें। उन्होंने विधानसभा के सभी मण्डल अध्यक्षों से अकेले में वार्ता कर संगठन की पूर्ण जानकारी ली।ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने विधानसभा की संगठन संरचना की जानकारी दी।

पेयजल समस्या से चिडावा शहर के लोग परेशान

चिड़ावा, (निसं)। मानसून के मौसम में भी पेयजल को लेकर चिड़ावा शहर के वाशिंदे परेशान हैं। शहर के कई इलाकों में पेयजल घरों तक नहीं पहुंच रहा। शहर के वार्ड 16 और 20 में जोशियों की बगीची के लोग एक बार फिर जलदाय कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारी को बार बार शिकायत के बावजूद समस्या का स्थाई समाधान नहीं होने पर खरी खरी सुनाई।

■ **शहर के कई इलाकों में पेयजल घरों तक नहीं पहुंच रहा**

एईएन अशोक पलसानिया ने कहा कि ट्रांसफार्मर में खराबी से समस्या आ रही थी। अब ट्रांसफार्मर बदल दिया गया है। पाइप लाइन में अन्य समस्या का भी समाधान कर दिया जाएगा। इधर शहर के वार्ड 18, 21 और आठ के वाशिंदे भी जलदाय कार्यालय पहुंचे। पूर्व पार्षद रविकांत शर्मा भी पेयजल समस्या समाधान ना होने पर जलदाय कार्यालय आए और जेईएन पर रिश्तेदारों के काम करने का गंभीर आरोप लगाते हुए जनता के काम करने की नसीहत दी। आरोपों पर सफाई देते हुए एईएन पलसानिया ने मीडिया को बताया कि पेयजल व्यवस्था विभाग ने नियमानुसार एक साल पूर्व की थी। जेईएन का इसमें कुछ लेना देना नहीं है। वे समान रूप से सभी इलाकों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान गौतम, झंडू राम वर्मा, जय प्रकाश शर्मा, नरेश वर्मा, प्रकाश वर्मा, महेंद्र वर्मा, कमलेश शर्मा, जीवन वर्मा, अनुराधा, सविता, संतोष, संतरा, फूलवती वर्मा, मीना वर्मा सहित काफी वार्डवासी मौजूद रहे।

चार वार्डों के लोगों ने जलदाय कार्यालय में किया प्रदर्शन, अधिकारी को खरी खरी सुनाई ।

हजारों की संख्या में पौधारोपण का संकल्प लिया

चिड़ावा, (निसं)। एम आर एस स्कूल में पर्यावरण के प्रति उत्साही लोगों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक मुकेश कुमार रहे। मंच पर चिड़ावा जिला संघचालक अनिल गुप्ता व सह संघचालक संदीप जोशी भी मंचस्थ रहे। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, शैक्षिणक संस्थानों और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि पर्यावरण की रक्षा के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए। बैठक में पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया। सभी ने प्रदूषण को कम करने, संधारणीय जीवन को बढ़ावा देने और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने के लिए सक्रिय कदम उठाने की शपथ ली। जिसमें जयसिंह झाझडिया ने सौ पेड़, वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र पाल सिंह कोच ने सौ पेड़, शारीरिक शिक्षक जय सिंह धनखड़ ने सौ पेड़, सनराईज योगा क्लब चिड़ावा ने सौ पेड़, डॉ. अवतार कृष्ण शर्मा ने दो सौ पेड़, सत्यवीर ने सौ पेड़, प्रधानाचार्य महेश पारीक ने सौ पेड़, संदीप बीएम एस ने पांच सौ पेड़, सहित सभी ने पेड़ लगाने की घोषणा की।

रावतभाटा राजस्थान साईट, एनपीसीआईएल
ईओआई आमंत्रण संख्या
आरआरसाईट/सीएसआर/2024-25/3

एन.पी.सी.आई.एल., आरआर साईट, सीएसआर और स्थिरता परियोजनाओं का प्रभाव आकलन के निष्पादन के लिए पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्ट और स्वायत्त संगठन आदि से ईओआई आमंत्रित करती है। परियोजना की अनुमानित लागत रूपये 13,75,000/- (रूपये तेहरा लाख पिहत्तर हजार) है। उपरोक्त क्षेत्र में अनुभव रखने वाले इच्छ